हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 11 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 पितरों को तर्पण कर किया विदा आज से शुरू होगी देवी आराधना



09 हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा 20 को मनाई जाएगी...



RERA - In Progress

शुभ नवरात्रि

इस नवरात्री

माँ के आशीर्वाद से

अपने सपनों को दें, एक नया पता !

BALAJI ECO CITY

SHREE BALAJI ECOCITY
Quality work for luxurios lifestyle
Phase - II

SHREE BALAJI city
PREMIUM

SHREE BALAJI city

SPACIOUS DUPLEX

LUXURIOUS DUPLEX

PLOTS AVAILABLE

बालाजी ईकोसिटी फेज-2 - पता: वात्सल्य स्कूल के पास, हरिपुरा, सोंठिया रोड, विदिशा
बालाजी सिटी प्रीमियम - पता: सरस्वती स्कूल के सामने, दुर्गा नगर रोड, विदिशा
बालाजी सिटी - पता: टीलाखेड़ी रोड, दुर्गा नगर, डी मार्ट के सामने, विदिशा
ऑफिस : प्रथम तल, गोपाल काम्प्लेक्स, बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, राजीव नगर, विदिशा

CALL US
9993577113
8251001111
9827522045

Project by NARESH BUILD AND HOMES PVT. LTD.

A project by

Project Approved by SBI
SBI
90%
लोन सुविधा उपलब्ध है
✓ सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ऋण सुविधा उपलब्ध है
✓ कृषकों के लिए भी होम लोन सुविधा

खबर संक्षेप

यूजीसी बिल के समर्थन में आमसभा व रैली आज

गंजबासौदा। आरक्षित वर्ग ओबीसी, एससी, एसटी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में यूजीसी बिल 2026 के समर्थन में रविवार को सुबह 10 बजे से नवीन बस स्टैंड मेला ग्राउंड में आमसभा एवं रैली का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य उच्च शिक्षा में समान अवसर, सामाजिक न्याय एवं आरक्षित वर्गों के अधिकारों के समर्थन में जनजागरण करना है। कार्यक्रम के उपरांत एसडीम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजक मंडल ने समस्त सामाजिक संगठनों, ओबीसी, एससी, एसटी एवं अन्य सहयोगी वर्गों के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

मजहर अली जाफरी की पत्नी का निधन

सिरोंज। वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं पत्रकार मजहर अली जाफरी की धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय जाफरी महाविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर रहते हुए शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देती रही थीं। वे विशेष रूप से जरूरतमंद एवं गरीब विद्यार्थियों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहती थीं। उनके मार्गदर्शन में शिक्षा प्राप्त करने वाले अनेक छात्र-छात्राएं आज विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर कार्य करते हुए अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समाज में शिक्षा का प्रसार करने की भावना से अनेक विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिला। उनकी प्रेरणा से विदिशा एवं गुलाबगंज क्षेत्र में कई शिक्षण संस्थाएं भी संचालित हो रही हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। उनके निधन पर सर्वोदय हायर सेकेंडरी स्कूल सिरोंज में शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं स्कूल परिवार के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

मोड़ पर पलटा फ्लाई एश से भरा डंपर, खंभा टूटने से विद्युत प्रदाय रहा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गंजबासौदा। डंपर की चपेट में आने से बिजली का खंभा, केवल लाइन हुई क्षतिग्रस्त



गंजबासौदा। विद्युत प्रदाय बहाल करने की तैयारी करते कर्मचारी

शनिवार को ग्राम ककरावदा और डाबर के बीच केवटन नदी के पुल के पास एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिससे डंपर की चपेट में आने से विद्युत खंभा टूट गया और दर्जनों गांवों का विद्युत प्रदाय ठप हो गया। वहीं चालक दल को भी चोट आई।

जानकारी के अनुसार बासौदा त्योंदा मार्ग पर केवटन नदी के पुल के पास अंधा मोड़ है। इस मोड़ पर आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। शनिवार को भी फ्लाई एश से भरा एक डंपर इसी मोड के पहले डंपर का टायर फट जाने से अनियंत्रित हो गया और मोड पर पहुंचते ही डंपर सडक से नीचे उतरकर खंभे से टकराते हुए खेत में पलट गया। इस दुर्घटना में डंपर चालक घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया।

वहीं विद्युत खंभा टूटने से ग्राम डाबर, स्यारी, नेगमा पिपरिया सहित आधा दर्जन गांवों का विद्युत प्रदाय ठप हो गया। घटना के बाद विद्युत कंपनी के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर विद्युत प्रदाय बहाल करने के प्रयास शुरू कर दिए। दोपहर से शुरू हुआ कार्य देर रात तक चलता रहा। इस दौरान विद्युत कर्मियों द्वारा नया खंभा लगाकर नए सिरे से विद्युत लाइन बिछाई गई। इसके बाद देर रात क्षेत्र के गांवों में विद्युत प्रदाय बहाल हो सका। उधर विद्युत कंपनी प्रबंधन ने इस मामले में विद्युत संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में अपनी ओर से कार्रवाई शुरू कर दी है। यहां उल्लेखनीय है कि केवटन नदी के मोड पर कोई संकेतक बोर्ड नहीं लगा है। जिससे चालकों को मोड का अंदाजा नहीं हो पाता और आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

दुर्गा पंडालों को सजाने में जोर शोर से जुटे झांकी संचालक

पितरों को तर्पण कर किया विदा आज से शुरू होगी देवी आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





गंजबासौदा। मूर्तिकारों द्वारा देवी मां की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

शनिवार को पितृमोक्ष अमावस्या के साथ ही पितृपक्ष पखवाड़े का समापन हो गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बेतवा नदी सहित आसपास की नदियों और जलाशयों पर पहुंचकर अपने अपने पितरों का तर्पण कर उन्हें विदा किया। अब रविवार से नवरात्रि के साथ ही देवी आराधना का पर्व शुरू हो जाएगा। इसके लिए जगह जगह पंडाल सजना शुरू हो गए हैं।

शनिवार को पितृमोक्ष अमावस्या पर बेतवा नदी के रिपटा घाट पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने पितृपक्ष के अंतिम दिन अपने पितरों को तर्पण दिया और उन्हें विधि विधान के साथ विदा किया। घाट पर पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ तर्पण की पूरी प्रक्रिया कराई और पितृपक्ष के महत्व की जानकारी दी। इस दौरान घाट पर पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। नगर पालिका ने साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं संभाली, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ज्ञात हो कि पितृपक्ष अमावस्या पर अज्ञात तिथि वाले पूर्वजों का भी श्राद्ध किया जाता है। यदि पूरे पितृपक्ष में किसी कारणवश श्राद्ध नहीं हो सका, तो इस दिन सभी ज्ञात और अज्ञात पूर्वजों का तर्पण होता है। इसे 'पितृ विसर्जन' भी कहते हैं, क्योंकि इस दिन सूक्ष्म रूप से धरती पर आए पितर तृप्त होकर अपने लोक लौटते हैं। विधि-विधान से तर्पण, पिंडदान और दान करने से पितरों को शांति मिलती है। इसलिए बडी संख्या में लोगों ने पितरों का तर्पण कर उन्हें विदा किया। वहीं घरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजन श्राद्ध आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराते हुए विप्रों को भोजन कराया।

उधर अब रविवार से इलाके भर में नवरात्रि के साथ ही देवी आराधना का पर्व शुरू हो जाएगा। इसके लिए झांकी स्थलों पर देवी मां के पंडाल सजने शुरू हो गए हैं और पंडाल सजाने का कार्य भी अंतिम चरणों में चल रहा है। जिसके चलते अनेक स्थानों पर लाइटों से आकर्षक साज सज्जा और कार्यक्रमों की तैयारी हो रही हैं। इलाके भर में गांव गांव और नगर में भी दर्जनों स्थानों पर देवी मां के पंडाल सजने लगे हैं और दूरस्थ क्षेत्र के श्रद्धालु शनिवार की शाम को ही देवी मां की प्रतिमाएं स्थापना के लिए ले जाने लगे हैं। रविवार को सुबह से देवी को जल चढ़ाने के साथ ही देवी आराधना शुरू होगी। वहीं हवन पूजन के साथ प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी।

बायपास मार्ग पर देर तक लगा रहा जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल पचमा बायपास पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। इससे मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के साथ स्थानीय रहवासियों और दुकानदारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को शाम व्यस्त समय में उक्त मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगने से यातायात की रफ्तार थम गई। काफी देर तक वाहन जाम में फंसे रहे, जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हुई। बाद में यातायात पुलिस ने जाम को हटवाने में सहयोग किया। लोगों का कहना है कि पचमा बायपास मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इसके बावजूद जाम की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नजर नहीं आती। लोगों ने संबंधित विभाग से मार्ग पर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने और जाम की समस्या से स्थायी निजात दिलाने की मांग की है।

चार लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ग्राम आटासेमर निवासी स्व. गजेन्द्रसिंह राजपूत की कुछ समय पूर्व सर्पदंश से मौत हो गई थी। उनकी मृत्यु के उपरांत उनके निकटतम वैध वारिस पिता वीरसिंह राजपूत को शासन के नियमानुसार संबल योजना के तहत चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इस दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने वीर सिंह राजपूत को सहायता राशि का स्वीकृति पत्र सौंपा।

पथरिया पुलिस की कार्रवाई, 11 किलो गांजा जब्त, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में पथरिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घटवार ढाबा के पास कार्रवाई करते हुए 11 किलो 60 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा परिवहन में प्रयुक्त टीयूवी चार पहिया वाहन को भी जब्त किया। जब्त गांजा और वाहन की कुल अनुमानित कीमत 12 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, 8 अक्टूबर 2026 को थाना पथरिया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि घटवार ढाबा के पास कुछ व्यक्ति गांजा बेचने के लिए मौजूद हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस टीम गठित कर मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध वाहन में सवार व्यक्तियों ने वाहन मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और वाहन सहित तीनों व्यक्तियों को पकड़ लिया। वाहन एवं आरोपियों की तलाशी के दौरान 11 किलो 60 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 20 हजार रुपये है। वहीं गांजा परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे टीयूवी वाहन की कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने गांजा और वाहन सहित कुल 12 लाख 20 हजार रुपये का मशरूका जब्त किया।

एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण किया दर्ज

पुलिस ने इस मामले में थाना पथरिया में अपराध क्रमांक 152/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में सौरभ राजपूत (24), पिता देवेंद्र सिंह राजपूत, निवासी ग्राम कनेरा, थाना राहतगढ़; देवेंद्र सिंह राजपूत (55), पिता बलदेव सिंह राजपूत, निवासी ग्राम कनेरा, थाना राहतगढ़; तथा पूरन सिंह लोधी (55), पिता तोरन सिंह लोधी, निवासी ग्राम घाट बमुलिया, जिला अशोकनगर शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पथरिया उपनिरीक्षक रोहित कौरव, सहायक उपनिरीक्षक सत्यनारायण एक्के एवं प्रदीप अवस्थी, प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव, भगवानदास कुशवाह, रघुवीर सिंह मीणा एवं संजेश दुबे सहित आरक्षक रवि जादौन, शुभेंद्र सिंह चौहान, जयप्रकाश अहिरवार, सोनू यादव, रवि कुशवाहा, विश्वेष शर्मा, सुखजिंदर सिंह तथा सैनिक अनिल बाजपेई की भूमिका रही।

भावांतर योजना अंतर्गत पोर्टल पर नहीं हो रहा पंजीयन

गंजबासौदा। भावांतर योजना अंतर्गत शासन द्वारा 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक सोयाबीन का पंजीयन किया जाना है। लेकिन अधिकांश किसान पंजीयन के लिए परेशान होते नजर आ रहे हैं। इलाके के किसानों ने बताया कि पोर्टल पर पंजीयन करने पर एग्री स्टेट से खसरे की जानकारी प्राप्त नहीं हो रही है, जिसके चलते किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। किसानों का कहना है कि 17 अक्टूबर पंजीयन की आखिरी तारीख दी गई है। ऐसी स्थिति में किसान कैसे अपना पंजीयन कर पाएंगे। किसानों ने बताया कि पंजीयन के समय भूमि संबंधी दस्तावेज आधार कार्ड, फोटो पहचान पत्र ,बैंक खाता आदि मांगा जा रहा है सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने के बाद भी पोर्टल पर पंजीयन दर्ज नहीं हो रहा है।

विज्ञान मंथन में विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गंजबासौदा। विद्यार्थियों ने लहराया परचम

विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा में नवांकुर विद्यापीठ के तीनों विद्यालयों ने उपलब्धि हासिल की है। यात्रा के लिए कक्षा 8वीं एवं 9वीं के कुल 103 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में नवांकुर विद्यालय के 45, नवांकुर डॉल्फिन के 54 तथा नवांकुर तपोवन के 4 विद्यार्थी शामिल हैं।

विज्ञान मंथन यात्रा विद्यार्थियों को विज्ञान की दुनिया को नजदीक से समझने, वैज्ञानिक सोच विकसित करने तथा जिज्ञासा एवं नवाचार को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। विद्यार्थियों की यह उपलब्धि नवांकुर विद्यापीठ की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र दीक्षित, प्राचार्य संदीप रावत, मेघा शर्मा प्रधानाध्यापिका, सीमा साध, रामबाबू पांचाल, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली सहित नवांकुर परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

त्योहार के चलते पाराशरी नदी पुल से नपा ने हटाया अतिक्रमण



गंजबासौदा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करता नपा अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवरात्रि त्योहार को ध्यान में रखते हुए शनिवार को रात्रि के समय नगर के पाराशरी नदी पुल के पास नगर पालिका सीएमओ अशोक वर्मा के नेतृत्व में नपा अमले द्वारा ठेले हटवाने की कार्रवाई की गई। पुल के आसपास ठेले खड़े होने से यातायात प्रभावित होने और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी होने की आशंका के चलते यह कदम उठाया गया। नगर पालिका की इस कार्रवाई से पुल के आसपास यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। नवरात्रि पर्व के चलते नगर के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए सड़क किनारे लगने वाले ठेलों और अस्थायी अतिक्रमण पर नियंत्रण जरूरी है। ऐसे में नगरवासियों ने उम्मीद जताई कि नगर पालिका द्वारा नियमित निगरानी रखी जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन के दौरान असुविधाओं का सामना न करना पड़े।

तिरंगा चौक के आगे बाइक और एक्टिवा में आमने-सामने भिड़ंत





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को रात्रि के समय तिरंगा चौक स्थित एक मैरिज गार्डन के सामने एक बाइक और एक एक्टिवा में आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए तथा बाइक और एक्टिवा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को मौजूद लोगों द्वारा उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय पहुंचाया गया।

पूर्व विधायक राधा रमण भार्गव के निधन से क्षेत्र में शोक

सिरोंज। सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राधा रमण भार्गव के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर मिलते ही विभिन्न सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों की ओर से श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व, सामाजिक योगदान और जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी, भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन, छोटे जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ. राजीव जैन बंटी, छत्री जैन मंदिर के अध्यक्ष अतुल जैन सहित अन्य लोग शामिल रहे। इस अवसर पर एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि राधा रमण भार्गव विदिशा जिले के जाने-माने अधिवक्ताओं में शामिल थे। उन्होंने वकालत के क्षेत्र में गरीब और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने के लिए निरंतर संघर्ष किया। जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय रहने के बाद भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़कर विधायक बने।

न्यायालय :- सुश्री पूजा गोले, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड गंजबासौदा तहसील, गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र.
प्रो. क्रमांक 4839/2026
गंजबासौदा दिनांक 07/10/26
प्र.क्र. 08/2026/MJC-SUC
उपस्थित होने वास्ते नोटिस
1. मोहिनी पंथी आदि ..... आवेदकगण
बनाम
1. सर्वसाधारण ..... अनावेदक
बनाम :- सर्वसाधारण
सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रमांक 1 मोहिनी पंथी के पति एवं आवेदक कमांक 2 जगजीत पंथी एवं आवेदक क्रमांक 3 प्रिया पंथी के पिता रामसेवक पंथी थे रामसेवक पंथी वार्ड नं 3 नेहरू चौक वाली गली गंजबासौदा में आवेदकगण के साथ निवासरत रहे है। रामसेवक सहायक शिक्षक के पद पर ग्राम बसरिया तहसील गंजबासौदा में पदस्थ रहे है। रामसेवक पंथी दिनांक 01/09/2016 को बिना बताये कहीं चले गये। उन्हे खोजने का बहुत प्रयास किया जो नही मिले तब रामसेवक की पत्नि ने दिनांक 03/09/2016 को थाना शहर गंजबासौदा में गुमशुदा होने की रिपोर्ट रोजनामचा कमांक 37 पर दर्ज की गइ। रोजनामचा पर रिपोर्ट दर्ज होने पर पुलिस थाना शहर बासौदा द्वारा गुम इंसान कमांक 81/2016 दर्ज की गइ। दिनांक 18/09/2024 को शहर थाना गंजबासौदा द्वारा प्रमाणीकरण दिया और कहा कि रामसेवक को गुम हुये अधिक समय हो चुका है निकट भविष्य में गुमशुदा इंसान की मिलने की कोई संभावना नही है और प्रमाणीकरण देकर गुम इंसान कमांक 81/2016 की विवेचना बंद कर दी। रामसेवक पंथी का जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा गंजबासोदा का खाता क्रमांक 675001005031 में जमा राशि 66,471/- रुपए एवं विदिशा भोपाल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा गंजबासोदा में खाता क्रमांक 200414101005523 8 में जमा राशि 76,685/- रुपए एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा गंजबासौदा में खाता क्रमांक 53037518314 में जमा राशि 1,11,456/- रुपए एवं पंजाब नैशनल बैंक शाखा गंजबासौदा में खाता क्रमांक 0680000100049877 में जमा राशि 29878/- रुपए जमा है। कुल राशि 2,84,490/- रुपए जमा है। रामसेवक के नाम से जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक शाखा गंजबासौदा में एफ डी क्रमांक 143486 दिनांक 01/02/2017 तक जमा राशि 18,596 /- रुपए एवं सेन्ट्रल बैंक में एफ डी दिनांक 27/10/2011 परिपक्व दिनांक 27/04/2019 राशि 20001/- रुपए एवं इसी दिनांक 27/10/2011 परिपक्व दिनांक 27/04/2019 राशि 20001/- रुपए एवं सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा गंजबासौदा में एफ डी दिनांक 06/06/2016 राशि 5452/- रुपए एवं जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक शाखा गंजबासौदा में एफ डी दिनांक 17/03/2016 परिपक्व दिनांक 17/03/2017 राशि 52,811 /- रुपए बैंक में जमा है। परिपक्त दिनांक से भुगतान दिनांक तक एफ डी में अंकित ब्याज सहित आवेदक क्रमांक उक्त राशि प्राप्त करने की अधिकारी है। आवेदक कमांक 1 रामसेवक की पत्नि है एवं आवेदक क्रमांक 2 व 3 क माता है। आवेदक कमांक 2 व 3 को रामसेवक का उत्तराधिकारी बनाने में कोई आपत्ति नही है। रामसेवक के नाम से एफ डी एवं खाते में जो भी राशि भुगतान दिनांक तक बनती है उसे प्राप्त करने की अधिकारी आवेदिका क्रमांक 1 है। अनावेदिका ने जमा राशि प्राप्त करने हेतु अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र को प्रस्तुत किया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वंय अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 13/10/2026 को अपना पक्ष का समर्थन करने हेतु उपस्थित रहे। नियत दिनांक 13/10/2026 को आपके उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जावेगा। यदि उक्त दिनांक को न्यायालय में किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण आगामी दिनांक को सुनवाई में लिया जावेगा। आज दिनांक 7/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।
सुश्री पूजा गोले, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड तहसील गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र.

खबर संक्षेप

थायराइड की बड़ी गठान का सफल ऑपरेशन हुआ

विदिशा। जिला चिकित्सालय विदिशा में थायराइड ग्रंथि की बड़ी गठान से पीड़ित मरीज का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। जांच और बायोप्सी के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सर्जरी का निर्णय लिया। ऑपरेशन नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक गुप्ता और सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. विनय गोलंदाज ने किया। एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. रवि श्रीवास्तव, डॉ. अंकित श्रीवास्तव, रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. प्रियंका और डॉ. योगेश ने संभाली। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति सामान्य है। इस सफलता से जिले में जटिल सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है।

जिला और नगरीय का प्रशिक्षण 12 से

विदिशा। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में फरवरी 2027 में प्रस्तावित जनसंख्या गणना की तैयारियों के लिए विदिशा में अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित होगा। जिला एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को 12 और 13 अक्टूबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों के चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण 14 और 15 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में होगा। दोनों प्रशिक्षण सुबह 9:30 से शाम 6 बजे तक चलेंगे। जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल के प्रशिक्षक दिलीप साहू और दीक्षा केसरवानी अधिकारियों को गणना प्रक्रिया और तकनीकी कार्यों की जानकारी देंगे।

शिक्षा से विकसित भारत की थीम पर पैनल चर्चा

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2026 की थीम पर सांस्कृतिक एवं वैचारिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को नाट्य मंचन के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं, 'एनईपीः शिक्षा से विकसित भारत' विषय पर पैनल चर्चा हुई, जिसमें छात्राओं और प्राध्यापकों ने भारत में शिक्षा के भविष्य पर विचार रखे। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षा व्यवस्था में बदलाव जरूरी है। संचालन डॉ. राजुला अलबर्ट ने किया।

इंटर-डिपार्टमेंट क्रिकेट में बीएससी विभाग विजेता

विदिशा। सेंट मेरी पीजी महाविद्यालय में आयोजित इंटर-डिपार्टमेंट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बीएससी विभाग ने बीबीए विभाग को हराकर खिताब जीता। बीबीए के कप्तान अंशुल दांगी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 78 रन का लक्ष्य रखा। बीएससी के कप्तान सिद्धांत के नेतृत्व में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। गेंदबाज वेदांत ने हैट्रिक लेकर पांच विकेट हासिल किए। उनके प्रदर्शन के सामने बीबीए टीम 56 रन पर सिमट गई। वेदांत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। संस्था संचालक फादर सिन्टो ने विजेता टीम को 1100 रुपए व ट्रॉफी और उपविजेता को 500 रुपए व ट्रॉफी प्रदान की।

कांग्रेस नेता मजहर अली जाफरी की पत्नी का निधन

विदिशा। जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मज़हर अली जाफरी की धर्मपत्नी अदिला मैडम का इंतेक़ाल हो गया।



शनिवार को जोहर की नमाज़ के बाद गुलाबगंज कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। सुपुर्द ए खाक में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्हे अंतिम विदाई दी।

मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला आयोजित

कुरवाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अंतरराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राधेश्याम रघुवंशी के मार्गदर्शन में शिविर में किशोर बालक बालिकाओं को मानसिक बीमारियों एवं भ्रांतियों के संबंध में जानकारी दी गई, उमंग स्वास्थ्य केंद्र की काउंसलर अनुराधा दीक्षित द्वारा बताया गया कि उचित परामर्श एवं उपचार से मानसिक बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है।



विदिशा। श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन बेतवा के बड़वाले घाट पर दिनभर भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों का तृप्त करने के लिए नदी में स्नान कर विधि विधान से पूजा की।

श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन पितृों का तर्पण करने बेतवा के बड़वाले घाट पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन पितृ मोक्ष अमावस्या पर पितृों का तर्पण करने के लिए बेतवा के बड़वाले घाट पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वहीं कच्छी धर्मशाला में श्रद्धालुओं ने पूर्वजों की स्मृति में जरुरतमंदों को भोजन कराया और वस्त्र वितरित किए। अमेरिका में निवासरत गौरव महिंद्रा ने अपने पूज्य पिताजी डॉक्टर अनिल महिन्द्रा सहित 50 से अधिक श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की स्मृति में श्राद्ध कराया। अनेक परिवारजनों ने मिष्ठान, फल आदि लेकर अपने हाथों से वितरित किए। बैजनाथ यादव द्वारा सभी जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किए। पूरे श्राद्ध पक्ष में 15 दिनों में 300 से अधिक परिजनों ने अपने पूर्वजों की स्मृति में भोजन कराया। संस्थान के अध्यक्ष समीर शाह सचिव आरके कुलश्रेष्ठ , कोषाध्यक्ष हितेंद्र सिंह रघुवंशी, सह सचिव अशोक करतारिया ने कहा कि संस्थान में पुण्य तिथि, जन्मदिन आदि इसी तरह से गरीबों की सेवा कर मनाए जाते हैं।

पितरों की शांति के लिए सुंदरकांड पाठ किया गया

विदिशा। पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर मानव सेवा न्यास में 140 दानदाताओं द्वारा निराश्रित व्यक्तियों को भोजन कराकर बेड शीट चादर बांटी। पितरों की शांति के लिए समस्त दानदाताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कराई गई। दोपहर में हनुमान मानस मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन पितरों की शांति हेतु रखा गया। इस मौके पर संजय अग्रवाल, कमलेश झंवर, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, मानसिंह रघुवंशी, मंजू झंबर, रविता अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, कल्पना चौरसिया, मंजू शर्मा, सरोज धाकड़, आकृति शर्मा, नंदिनी चौरसिया, आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष रमेश चंद्र मंगल ने दी।

हाथी पर देवी का आगमन सुख-समृद्धि और धन-धान्य में वृद्धि का प्रतीक

हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा 20 को मनाई जाएगी विजयादशमी

- नगर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। बांसकुली सहित कई स्थानों पर मां काली की प्रतिमाएं विराजमान हुईं।

शक्ति की आराधना और भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर रविवार से शुरू होगा। इसी दिन घरों और देवी मंदिरों में घटस्थापना के साथ नौ दिवसीय पूजा-अर्चना का क्रम शुरू हो जाएगा। इस बार तिथियों में वृद्धि के कारण नवरात्रि 10 दिन की होगी। 19 अक्टूबर को मां सिद्धिदात्री की आराधना के साथ नवरात्रि की पूजा पूर्ण होगी, जबकि 20 अक्टूबर को विजयादशमी और दशहरा पर्व मनाया जाएगा।

धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री के अनुसार, देवी पुराण की मान्यताओं के मुताबिक रविवार से नवरात्रि शुरू होने पर मां दुर्गा का आगमन हाथी पर माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं में हाथी को सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य और गजलक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। देवी का हाथी पर आगमन अच्छी वर्षा और अन्न-धन में वृद्धि का संकेत माना जाता है। नवरात्रि के दौरान नगर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की आकर्षक झांकियां सजाई जाएंगी। श्रद्धालु घरों में घटस्थापना कर अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे और ज्वारे बोकर श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे। नौ दिनों में मां महाकाली, महालक्ष्मी और मां सरस्वती सहित भगवती के नौ स्वरूपों की आराधना की जाएगी।

पंडित शास्त्री ने बताया कि नवरात्रि में मंत्र जाप, दुर्गा कवच, दुर्गा चालीसा, देवी अथर्वशीर्ष, सिद्ध कुंजिका स्तोत्र, रात्रि सूक्त और श्री सूक्त का पाठ विशेष फलदायी माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां भगवती की आराधना से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

20 अक्टूबर को दशहराः मां दुर्गा ने नौ दिनों तक महिषासुर से युद्ध करने के बाद दसवें दिन उसका वध किया था। इसी विजय की स्मृति में विजयादशमी मनाई जाती है। इस दिन देवी प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। नवरात्रि के समापन पर श्रद्धालु व्रत का पारणा कर पूजा-अर्चना करेंगे।

मां दुर्गा की घटस्थापना के शुभ मुहूर्त

- सुबह 7:30 से 9 बजे तक — चर चौघड़िया
- सुबह 9 से 10:30 बजे तक — लाभ चौघड़िया
- सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक — अमृत चौघड़िया
- सुबह 11:49 से दोपहर 12:38 बजे तक — अभिजीत मुहूर्त
- दोपहर 1:30 से 3 बजे तक — शुभ चौघड़िया

नौ दिनों में इन नौ स्वरूपों की होती है आराधना

नवरात्रि में 11 अक्टूबर को मां शैलपुत्री, 12 को मां ब्रह्मचारिणी, 13 को मां चंद्रघंटा, 14 को मां कूष्मांडा, 15 को मां स्कंदमाता, 16 को मां कात्यायनी, 17 को मां कालरात्रि, 18 को मां महागौरी और 19 अक्टूबर को मां सिद्धिदात्री की पूजा होगी। अंतिम दिनों में कन्या पूजन, भजन-कीर्तन और भंडारे होंगे। 20 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

नगर में निकली मां की अखंड ज्योति यात्रा

कुरवाई। माता बाग मंदिर में विराजमान अधिष्ठात्री देवी मां बीजासन के दरबार में शनिवार को उत्तराखंड के कालीमठ से लाई जा रही अखंड ज्योति का आगमन हुआ। नगर में अखंड ज्योति यात्रा निकाली गई। माता बाग मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित अनिल कुमार चौबे ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ मेहलुआ चौराहे से हुआ।

अभिजीत मुहूर्त में घटस्थापना शुभ

नवरात्रि के पहले दिन चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग का संयोग रहेगा। पंचांग के अनुसार, इस दिन चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग रात तक रहने के कारण घटस्थापना के लिए मुहूर्त का विशेष ध्यान रखना होगा। अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:49 से दोपहर 12:38 बजे तक रहेगा। इस दौरान घटस्थापना करना शुभ माना गया है।

12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने 1.81 लाख का सामान और स्कूटी जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत करारिया चौराह पुलिस ने शमशाबाद रोड पर दरियाई ताल के पास दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 12 ग्राम ब्राउन शुगर, एक स्कूटी और 1 हजार रुपए नकद जब्त किए गए हैं। जब्त सामान की कुल कीमत 1 लाख 81 हजार रुपए बताई गई है।

मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लाल रंग की स्कूटी पर सवार दो युवक ब्राउन शुगर की सप्लाई करने बरियालताल के पास आने वाले हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान



रोहित साहू (33) और केशव उर्फ केवल लोधी (27), निवासी करैयाखेड़ा रोड, सिविल लाइन, विदिशा के रूप में हुई है।

नशे के सप्लाई नेटवर्क की जांच जरूरी

शहर में कुछ महीनों में नशे के कारण युवाओं की मौत के कई मामले सामने आने के बाद अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मांग उठी थी। इन घटनाओं के बाद पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठे थे। एसपी रोहित काशवानी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और अन्य गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत हो रही कार्रवाई के बीच अब यह भी महत्वपूर्ण होगा कि पुलिस ब्राउन शुगर की आपूर्ति के स्रोत और इससे जुड़े अन्य लोगों तक पहुंच पाती है या नहीं। इस मामले में आगे की जानकारी जांच के बाद सामने आएगी।

नवरात्र में गरबा आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

परिषद ने धार्मिक मर्यादाओं के पालन, पहचान पत्रों के सत्यापन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग



विदिशा। ज्ञापन देकर सनातन धर्म रक्षा परिषद ने जताया विरोध।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सनातन धर्म रक्षा परिषद ने सार्वजनिक और निजी उद्यानों में व्यावसायिक गरबा आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

परिषद के संस्थापक धर्माधिकारी पं. जितेंद्र शास्त्री ने कहा कि गरबा देवी आराधना का पवित्र पारंपरिक उत्सव है। इसकी धार्मिक गरिमा बनाए रखने के लिए टिकट-पास आधारित आयोजनों पर रोक लगाने के साथ पहचान पत्रों का सत्यापन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला अध्यक्ष कृष्णा कुशवाह ने स्पष्ट किया कि परिषद गरबा उत्सव के विरोध में नहीं, बल्कि धार्मिक मर्यादाओं के उल्लंघन और गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध है। परिषद ने प्रशासन से प्रभावी दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की।

ऋषभ ने हासिल किया दूसरा स्थान, हेमेंद्र और सुमित को भी पुरस्कार

शमशाबाद। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय लटेरी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र ऋषभ कुशवाह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि हेमेंद्र राजपूत चतुर्थ स्थान पर रहे। वहीं सुमित केवट को भी पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ज्ञान, तार्किक क्षमता और विषयों की समझ के आधार पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। प्राचार्य आशीष सक्सेना ने छात्रों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक आकाश सोनी, अंकित धाकड़ आदि उपस्थित रहे।

शासकीय कॉलेज में एनएसयूआई का हंगामा, तालाबंदी की कोशिश से हड़कंप

छात्र समस्याओं को लेकर प्राचार्य के खिलाफ नारेबाजी, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

शासकीय कॉलेज में छात्रों समस्याओं को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी और जिला उपाध्यक्ष सोनू यादव के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में तालाबंदी की कोशिश की और प्राचार्य के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कॉलेज परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है और छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से छात्रों की समस्याओं का जल्द निराकरण करने की मांग की। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के मुख्य गेट पर एसडीएम के नाम ज्ञापन कॉलेज के सिद्धार्थ गौतम को सौंपा। इस दौरान जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी।प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विदिशा। छात्रों को समझाइश देते हुए टीआई आशुतोष सिंह राजपूत।

पुलिस ने की कार्रवाई 16 हजार जुर्माना वसूला

विदिशा। शारदीय नवरात्र शुरू होते ही शहर में दुर्गा झांकियों की रौनक बढ़ गई है। झांकियों को आकर्षक बनाने के लिए समितियां बड़े डीजे और शक्तिशाली साउंड सिस्टम पर लाखों रुपए खर्च कर रही हैं। कई समितियां जबलपुर, भोपाल और इंदौर से भी डीजे बुला रही हैं। इस बीच नियमों के उल्लंघन पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। 9 अक्टूबर की रात वैशाली नगर में पुलिस ने एक डीजे वाहन जब्त किया, जबकि दूसरे डीजे पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 16 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। नवरात्र के पहले ही दिन हुई इस कार्रवाई से डीजे संचालकों और दुर्गा समितियों को नियमों का पालन करने का संदेश मिला है। त्योहार के दौरान झांकियों और जुलूसों में तेज आवाज वाले डीजे के इस्तेमाल से ध्वनि प्रदूषण और निर्धारित समय-सीमा के पालन का मुद्दा भी महत्वपूर्ण हो गया है।

3 माह पहले निकाली सीसी सड़क की राशि, मौके पर काम नहीं हुआ

दीघोरा पंचायत के करैया गांव का मामला, शिकायत के बाद पंचायत ने डलवाया गिट्टी-मुरम का मटेरियल

ग्यारसपुर। ग्राम पंचायत दीघोरा के ग्राम करैया में सीसी सड़क निर्माण के नाम पर राशि निकालने के बावजूद काम नहीं होने का मामला सामने आया है। 15वें वित्त आयोग की राशि से मंदिर से श्मशान घाट की ओर 100 मीटर सड़क बनाई जानी थी। इसके लिए करीब दो लाख रुपए से अधिक की राशि जून में निकाल ली गई, लेकिन मौके पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। ग्रामीण हिम्मत सिंह किरार ने बताया कि उन्होंने 10 सितंबर को सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीण अजब सिंह किरार के अनुसार, शिकायत के बाद दो दिन पहले



पंचायत ने सड़क निर्माण के लिए गिट्टी और चूरी की दो से तीन ट्रॉली डलवाई है। पंचायत सचिव प्रताप सिंह रघुवंशी ने बताया कि उन्होंने सितंबर में पंचायत का प्रभार संभाला है। राशि उनसे पहले के सचिव और सरपंच के कार्यकाल में निकाली गई थी।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल में नर्मदापुरम की बालिका टीम विजेता, मलखंब में उज्जैन अव्वल

70वीं शालेय खेल प्रतियोगिता का समापन, जबलपुर ने बालक वर्ग में जीता खिताब, विजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक देकर किया सम्मानित

- वॉलीबॉल फाइनल में नर्मदापुरम संभाग ने रीवा संभाग को 2-0 सेट से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला खेल परिसर में स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय वॉलीबॉल और मलखंब प्रतियोगिता का पांच दिवसीय आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रदेश के विभिन्न संभागों से आए खिलाड़ियों ने खेल कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

वॉलीबॉल बालिका 17 वर्ष आयु वर्ग के फाइनल में नर्मदापुरम संभाग ने रीवा संभाग को 2-0 सेट से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। जबलपुर तीसरे और इंदौर चौथे स्थान पर रहा। बालक वर्ग के फाइनल में जबलपुर ने जनजाति कार्य विभाग की टीम को 2-0 सेट से हराकर खिताब जीता। जनजाति कार्य विभाग दूसरे, इंदौर तीसरे और रीवा संभाग चौथे स्थान पर रहा। मलखंब प्रतियोगिता के सभी वर्गों में उज्जैन संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समारोह में विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार, नोडल अधिकारी एसपी सिंह जाटव, जिला खेल अधिकारी प्रशांत रघुवंशी और संयोजक प्राचार्य खजान सिंह उपस्थित रहे। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि खेल में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना है। असफलता से सीख लेकर आगे बढ़ना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि खेल अनुशासन, एकाग्रता और समर्पण की भावना विकसित करते हैं। जिला खेल अधिकारी ने आयोजन में सहयोग देने वाले विभागों, तकनीकी अधिकारियों और खेल दलों का आभार माना। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए आवास स्थलों से रेलवे स्टेशन तक वाहनों की व्यवस्था भी की गई। देशभक्ति गीतों के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ।



विदिशा। समापन पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते जनप्रतिनिधि।

भोपाल के न्यू मार्केट में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना ने दिए संकेत, लोगों ने कहा- सतर्कता जरूरी

अंदेशा आग का... जगह लटक रहे बिजली के तारों से बाजारों व चौपाटियों में खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

भोपाल के न्यू मार्केट में गुरुवार को हुई भीषण अग्नि दुर्घटना ने पूरे प्रदेश में बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे में पांच दुकानें जलकर खाक हो गईं और लाखों रुपये का नुकसान हुआ। बताया जा रहा है कि खंडपाड़ी हनुमान मंदिर के पास स्थित छोले-भटूरे की एक दुकान में गैस भट्टी पर कड़ाही में तेल डालते ही आग भड़की और वहां लगे खुले बिजली के तार, डीजनर के साथ लगे प्लग और पीओपी में आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इस घटना के बाद रायसेन शहर में हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की तो यहां भी हालात कुछ ज्यादा अलग नहीं मिले। शहर के कई भीड़भाड़ वाले बाजारों, चाट पकौड़े पानीपुरी चौपाटियों और प्रमुख चौराहों पर खतरा साफ तौर पर मंडराता नजर आया।

सराफा बाजार तालाब रोड़ और बाजारों में लटकते तारों का जाल

शहर के सराफा बाजार मिश्र तालाब रोड़ पर बिजली के तारों का मकड़जाल इस कदर उलझा हुआ है कि कभी भी शॉर्ट सर्किट से बड़ा हादसा हो सकता है। खंभों पर तार लटक रहे हैं, जर्जर इंसुलेटर और खुले जॉइंट पॉइंट खतरे को दावत दे रहे हैं। यही हाल न्यू मार्केट शिवाजी चौक दुर्गा चौक मढ़ई पुरा का है। त्योहारी सीजन में इन बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं होती। ऐसे में यदि कोई चिंगारी भी उठी तो भगदड़ और आगजनी की बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

ट्रांसफॉर्मर के नीचे ही सज रहे हाथ ठेले- गुमटियां

सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति जिला व्यापार उद्योग विभाग भारत माता चौराहे और रामलीला ग्राउंड क्षेत्र में देखी गई। यहां ट्रांसफॉर्मर के ठीक नीचे चाट-फुल्की, कचौरी-जलेबी, चाय-पान और मोमोज के ठेले लगे हुए हैं। ऊपर से हजारों वोल्ट का करंट दौड़ रहा है और नीचे ही गैस की भट्टी पर तेल की कड़ाही चढ़ी हुई है। दुकानदारों ने ट्रांसफॉर्मर की बाउंड्री को ही अपना काउंटर बना रखा है। कहीं-कहीं तो ट्रांसफॉर्मर से ही अवैध रूप से बिजली के कनेक्शन लेकर बल्ब और हीटर जलाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती।

खास बातें

- वैध अस्थाई कनेक्शन ही लिया जाए।
- कटे-फटे तारों, इंसुलेशन वाले तारों का उपयोग बिल्कुल न किया जाए। पीवीसी टेपिंग, पाइप का उपयोग हो।
- झांकी पंडाल के मुख्य लोड के लिए रेटिंग वाली एमसीबी, शॉर्ट-सर्किट होने से तुरंत बिजली चली जाए।
- रोज लोहे के स्ट्रक्चर व तारों की जांच टेस्टर से की जाए।
- दुर्गा झांकियों के पंडाल हाईटेंशन या ओवर हेड बिजली लाइनों से दूरी बनाकर बनाया जाए।

आयोजक दुर्गा झांकी उत्सव समितियों को प्रशासन के ये भी प्रमुख निर्देश

- अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।
- झांकी पंडाल ऐसे स्थानों पर लगाए जाएं जहां से आमजनों को आवागमन में परेशानी न हो।

संयुक्त जांच अभियान चलाने की जरूरत

नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों, मार्केट और चौपाटियों में नगर पालिका बिजली विभाग और फायर सेफ्टी विभाग को संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाना चाहिए। लटकते तारों को व्यवस्थित किया जाए, ट्रांसफॉर्मर के नीचे से अतिक्रमण हटाया जाए और हर खान-पान की दुकान पर फायर सेफ्टी के इंतजाम अनिवार्य किए जाएं। साथ ही व्यापारियों को भी जागरूक किया जाए कि वे खुले तार और अवैध कनेक्शन न करें। दुर्गा झांकी पंडालों को तैयार करने और उन्हें सजाने-संवारने का क्रम शुरू भी हो चुका है। धार्मिक आस्था और देवी उपासना के इस शारदीय नवरात्रि पर्व पर किसी परिवार की आंखें दुःख से नम न हों। इसके लिए अभी से तैयारी जरूरी है। प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि अभी भी कई जगह लापरवाही बरती जा रही है। पूर्व में हुई घटनाओं से सबक लेकर समितियों को सतर्कता बरतनी चाहिए। वहीं हर दुर्गा झांकी पंडाल में विद्युत कनेक्शन, कटे-फटे बिजली तारों, पंडालों के समीप लगे बिजली पोलों, ऊपर से गुजरी विद्युत लाइनों, पंडालों व मंच की मजबूती की सूक्ष्मता से जांच आदि को लेकर जिम्मेदार विभागों को टीमें गठित की जानी चाहिए। अभी से पहल शुरू हो जाए तो हादसों से बचा जा सकता है।

चौपाटियों में फायर सेफ्टी के इंतजाम नदारद

शहर की पहचान बन चुकी स्वच्छता चौपाटी और महामाया चौक चौपाटी पर हर शाम सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ती है। यहां 20 से 30 दुकानें एक साथ गैस सिलेंडर पर काम करती हैं। पड़ताल में पाया गया कि किसी भी दुकान पर फायर एक्सटिंग्विशर नहीं है। गैस सिलेंडर खुले में रखे हैं, लीकेज होने पर उसे बुझाने का कोई साधन नहीं है। चौपाटी के आसपास ही बिजली के लटकते तार और अस्थायी टेंट में लगे झालर लाइटें आग को न्योता दे रही हैं। जानकारों का कहना है कि भोपाल जैसी घटना यहां भी हो सकती है क्योंकि सघन बस्ती और संकरी जगह में फायर ब्रिगेड की गाड़ी तक पहुंचना मुश्किल है।

जुलूस मार्गों पर बाधक न बनें बिजली तार

आगामी त्योहारों के मद्देनजर कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों की कलेक्ट्रेट में शांति व्यवस्था, यातायात, जुलूस मार्ग, पार्किंग, सुरक्षा, प्रकाश, चिकित्सा एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि विद्युत अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि जुलूस मार्ग के बीच में कहीं विद्युत तार न आएं जिससे दुर्घटना की संभावना बन सकती है। वहां संबंधित अधिकारियों को सड़क की स्थिति, टूटे-फूटे हिस्सों एवं जर्जर भवनों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, जुलूस एवं प्रतिमा विसर्जन मार्गों का पहले से निरीक्षण कर यातायात डायवर्सन एवं भीड़ वाले दिनों में रात्रि के समय वन-वे व्यवस्था की कार्ययोजना तैयार करने निर्देश दिए। यह भी कहा कि बड़े डांडिया,गरबा आयोजनों के लिए ऐसे स्थानों का चयन किया जाए, जहां पर्याप्त जगह और पार्किंग की व्यवस्था हो।

इनका कहना है

शहर में झूलते तारों और लटकते केबलों को व्यवस्थित करने का काम बिजली कंपनी की टीम द्वारा किया जा रहा है जहां ट्रांसफार्मर के नीचे खतरा है वहां भी केवल अवतारों को सही कराया जाएगा

- **प्रांजल शर्मा**, सिटी जेई बिजली कंपनी रायसेन

शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साह

हाथी पर सवार होकर आएंगी जगत जननी, आज घट स्थापना की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

देवी उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व आज से यानी 11 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। यह शारदीय नवरात्रि पर्व 19 अक्टूबर तक रहेगा, जिसमें रायसेन का वातावरण धर्ममय हो जाएगा। मां भगवती के उपासक नौ दिनों तक जगतजननी शेरावाली की आराधना करेंगे। उपवास, अनुष्ठान और विधि-विधान से पूजन अर्चन होगा। नवरात्र के दौरान मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी, यह अत्यंत ही शुभ है और सुख समृद्धि, धनधान्य की वृद्धि का संकेत है। शारदीय नवरात्र पर्व की तैयारियां भक्त उत्साह से कर रहे हैं। मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं।वहीं दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा झांकी पंडाल भव्य और आकर्षक सजाए जा रहे हैं। देवी मंदिरों में भी अनुष्ठान पूजन अर्चना की तैयारियां की जा रही हैं। देवी मंदिरों को भी सजाया जा रहा है। शारदेय नवरात्र पर्व को लेकर भक्तों में उत्साह है।

प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे रहे मूर्तिकार

नवरात्र पर्व पर दुर्गात्सव समितियों के द्वारा मां जगतजननी के विभिन्न रूपों की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। स्थापना के लिए पंडाल सजाए जा रहे हैं। मनमोहक झांकियां सजाई जा रही हैं। लाइटिंग और साज-सज्जा का कार्य अंतिम चरण में है। वहीं मूर्तिकारों के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाओं का निर्माण कर लिया गया है और अंतिम श्रृंगार किया जा रहा है। आज शनिवार से दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा प्रतिमाओं की स्थापना के लिए ले जाने का क्रम भी शुरू हो गया। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करीब 65 दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है।

नौ दिनों तक मां को लगाए जाएंगे विशेष भोग

धर्मशास्त्री पंडित ओमप्रकाश शुक्ला राममोहन चतुर्वेदी ने बताया है कि शारदीय नवरात्र पर्व इस बार नौ दिनों की रहेगी। अष्टमी नवमी तिथि एक ही दिन होंगी। मां दुर्गा के आशीर्वाद के लिए मां को विशेष भोग प्रतिदिन अर्पित किए जाएंगे। पहले दिन घी का भोग, दूसरे दिन शक्कर का भोग, तीसरे दिन दूध का भोग, चौथे दिन मालपुआ का भोग, पांचवें दिन केला का भोग, छठवें दिन शहद का भोग, सातवें दिन गुड़ का भोग, आठवें दिन नारियल, नौवें दिन हलवा पूरी, खीर चना आदि का भोग अर्पित किया जा सकता है।

कृषि उपज व सुख-समृद्धि की वृद्धि होगी

शारदीय नवरात्र पर्व 11 से 19 अक्टूबर तक रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के आगमन और प्रस्थान के वाहन का विशेष महत्व माना जाता है। पंडित मुकेश भार्गव राजेंद्र दुबे ने बताया कि इस बार शारदीय नवरात्र की शुरुआत 11 अक्टूबर रविवार से हो रही है। इसलिए धार्मिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा का वाहन हाथी होगा। यानी इस बार माता रानी हाथी पर सवार होकर धरती पर आएंगी। देवी भागवत पुराण में हाथी पर माता के आगमन को शुभ माना गया है। मान्यता है कि जब भी माता पर सवार होकर आती हैं तो अच्छी वर्षा होती है, कृषि की उपज बढ़ती है तथा सुख-समृद्धि और धन-धान्य में वृद्धि होती है। इस लिहाज से मां दुर्गा का हाथी पर आगमन शुभ संकेत है। इस बार विजयादशमी मंगलवार को है, इसलिए धार्मिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा का प्रस्थान घोड़े के वाहन से माना जाएगा। इस वाहन के संबंध में मान्यता है कि यह अशांति और बेचैनी का संकेत देता है। यानी लोगों के मन में मानसिक तनाव और अस्थिरता बढ़ने की बात कही जाती है।

गजकेसरी योग में होगा नवरात्रि का आगमन

आदि शक्ति की देवी उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर से घटस्थापना के साथ शुरू होगा। इस बार शारदीय नवरात्रि में ग्रह-नक्षत्रों की विशेष स्थिति के चलते गजकेसरी योग और शश महापुरुष योग बनने का संयोग बताया जा रहा है। ज्योतिषाचार्य पं. दामोदर व्यास देवनगर के अनुसार, करीब 12 साल बाद बन रहे इस विशेष संयोग में देवी आराधना को फलदायी माना गया है। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी।

सोहागपुर के दो हॉकी सितारों का स्टेट चैंपियनशिप में जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मप्र के जिला सिवनी में गत दिनों एसजीएफआई स्टेट चैंपियनशिप हॉकी प्रतियोगिता हुई। जिसमें नर्मदापुरम संभाग टीम ने स्वर्ण पदक जीता। इस ऐतिहासिक जीत में सोहागपुर के आराध्य सरोज और अयान खान भी संभाग नर्मदापुरम टीम का हिस्सा रहे। दोनों खिलाड़ी प्रतियोगिता में सहभागिता कर गुरुवार को गृहनगर लौटे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया है। आराध्य सरोज ने बताया कि फाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम संभाग टीम ने उज्जैन संभाग टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों खिलाड़ियों ने पूरी प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैदान पर सोहागपुर की यह जोड़ी विपक्षी टीमों के लिए लगातार चुनौती बनी रही। आराध्य व अयान ने शानदार प्रदर्शन से सोहागपुर का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन हुआ है। सोहागपुर नगर में उनके प्रथम नगर आगमन पर ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी हेमराज सिंह नागा, हमीर सिंह चंदेल, अश्वनी सरोज, अभिलाष चंदेल, सोहागपुर हॉकी टूर्नामेंट समिति सचिव पवन चौहान, दादूराम कुशवाहा, अनिल गहरैया, शंकर मालवीय, अख्तर खान, अभिनव पालीवाल, धर्मेंद्र सराठे, गोलू अग्रवाल, अंकुश जायसवाल, एकम राजपूत, कीर्ति दुबे, अभिनय सोनी, अभिषेक अग्रवाल, रवि उइके, ऋषभ गढ़वाल, शिवकुमार पटेल आदि ने रेल्वे स्टेशन पहुंचकर दोनों खिलाड़ियों का स्वागत व सम्मान किया। जिले की स्वर्णिम सफलता ने क्षेत्रीय हॉकी खिलाड़ियों में उत्साह और नई उम्मीद जगाई है।

पिपरिया: सेवा संकल्प अभियान के तहत मंडी में किसान संवाद रोपे गए 2 हजार पौधे, 20 हजार पौधरोपण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगरपालिका परिषद पिपरिया द्वारा संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत सुशासन एवं सेवा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से नवीन गल्ला मंडी परिसर में विशाल किसान संवाद एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने मंडी पहुंचे किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और परिसर में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया।

पेड़ों की भरपाई के लिए 20 हजार पौधरोपण का संकल्प

कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष नीना नागपाल एवं भाजपा विधानसभा क्षेत्र प्रभारी नवनीत नागपाल ने एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि नगर विकास और कायाकल्प योजना के तहत सड़कों के चौड़ीकरण के दौरान वर्षों पुराने जो पेड़ काटे गए थे, उनकी भरपाई के लिए नगरपालिका सीमा के चारों ओर वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।हथवास, सिलारी, बीजनवाड़ा, राईखेड़ी रोड सहित नगरपालिका की सीमा से लगे सभी गांवों व प्रमुख मार्गों पर कार्यकाल के दौरान लगभग 20 हजार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि विधानसभा क्षेत्र को हरा-भरा और पर्यावरण संरक्षित बनाने के लिए हर वर्ष हजारों पौधे लगाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा।

गल्ला मंडी में रोपे पौधे

सेवा संकल्प अभियान के तहत नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 2 हजार पौधे रोपे गए। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधे लगाने के साथ ही उनके रखरखाव और संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नपध्यक्ष नीना नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी,जपं अध्यक्ष व उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल, पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय, गोपाल दास दुदानी, मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, पवन वालिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बंद आधार कार्ड केंद्र को पुनः संचालित करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

स्थानीय पोस्ट आफिस पचमढ़ी में शासकीय स्तर पर संचालित आधार कार्ड केन्द्र बिना किसी सूचना व अकारण ही कुछ महीनों पूर्व बंद कर दिया था। जिससे आम नागरिकों व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को आधार से संबंधित कार्यों के न होने से तथा छोटे-छोटे कार्यों के लिए पचमढ़ी से 55 किलोमीटर दूर पिपरिया जाना पड़ रहा है। जिससे आम जन को समय व पैसों का अतिरिक्त व्यय वहन करना पड़ रहा है। पिपरिया में भी एक बार जाने से काम नहीं होता क्योंकि कभी सर्वर डाउन तो कभी अधिक भीड़ होना, कभी वाहनों के उपलब्ध न होने पर समय पर पिपरिया न पहुंचना, कभी पूर्ण दस्तावेज न होना आदि आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

इस बात के संज्ञान में आते ही नगर के जागरूक छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष मोहम्मद अनीस खांन के द्वारा 6 अक्टूबर 2026 को कलेक्टर नर्मदापुरम व एस.डी.एम पिपरिया को एक - एक पत्र ईमेल द्वारा प्रेषित किया गया व एक प्रति एस.डी.एम पिपरिया के लिए स्थानीय साडा कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से दिया क्योंकि एस.डी. एम ही वर्तमान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी साडा हैं तथा दिनांक 08 अक्टूबर 26 को सब-डिविजनल पोस्ट आफिस प्रमुख सुशांत रघुवंशी को स्थानीय पोस्ट मास्टर बृजेश रघुवंशी के माध्यम से प्रेषित कर बंद पड़े आधार केंद्र को जल्द से जल्द चालू करवाने की मांग की गई है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत दिव्यांग शिविर संपन्न

जनप्रतिनिधियों ने बांटी व्हीलचेयर व ट्रायसिकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत सभागृह पिपरिया में नगरपालिका परिषद एवं जनपद पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत एक विशाल दिव्यांग शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में पिपरिया शहर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और मरीज जांच व सहायता प्राप्त करने पहुंचे।

मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय, मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, पवन वालिया सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

डॉक्टरों की टीम ने की जांच, बांटे गए उपकरण

शिविर में सिविल अस्पताल पिपरिया एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ डॉक्टरों की टीम ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (BMO) डॉ. राजकुमार पटेल के नेतृत्व में दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण के पश्चात अति आवश्यक और गंभीर मरीजों को जनप्रतिनिधियों के हाथों ट्रायसिकल एवं व्हीलचेयर का वितरण किया गया। शिविर में आए जिन मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों के परामर्श या उच्च स्तरीय इलाज की आवश्यकता थी, उन्हें जिला अस्पताल नर्मदापुरम भेजने के लिए विधायक ठाकुरदास नागवंशी द्वारा निशुल्क वाहन उपलब्ध कराया गया, ताकि मरीजों को आगे के उपचार में कोई परेशानी न हो।

जिला दिव्यांग विभाग रहा नदारद

आयोजन के दौरान जिला दिव्यांग विभाग का उदासीन रवैया भी देखने को मिला। शिविर में जिला दिव्यांग विभाग की ओर से न तो कोई राहत सामग्री भेजी गई और न ही विभाग का कोई डॉक्टर या विशेषज्ञ उपस्थित हुआ। इसके बावजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सिविल अस्पताल की टीम और स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के आपसी समन्वय से कार्यक्रम निर्विघ्न और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी व वोट चोरी को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया में धांधली और वोट चोरी का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पिपरिया नगर के मुख्य मंगलवारा चौराहे पर आयोजित इस प्रदर्शन में पिपरिया ब्लॉक और मटकुली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए।

नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत के नेतृत्व में आयोजित इस 'हल्ला बोल' कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय एवं राज्य निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मिलीभगत से मतदाता सूचियों में हेरफेर कर 'वोट चोरी' का खेल खेला जा रहा है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते हुए जोरदार नारे लगाए। प्रदर्शन के उग्र रूप लेते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। नेताओं ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव प्रणाली को प्रभावित करने और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करने की किसी भी कोशिश का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से सीमा कटकवार, कमलेश साहू, चिंकू, सुनील कुचबंदिया, प्रशांत, फहीम अब्दुल्ला, सुनीत पुरोहित, छोटेलाल पटेल, हरीश बेमन, राधेश्याम ठाकरे सहित पिपरिया एवं मटकुली ब्लॉक के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।